Regarding recognition of Bhojpuri language in 18th Schedule to the Constitution

श्री रमाशंकर राजभर **(सलेमपुर) :** माननीय सभापति जी, जब चुनाव आता है, तो जितने हिन्दीभाषी क्षेत्र हैं, सभी हिन्दीभाषी क्षेत्रों में भोजपुरी भाषी लोगों से वोट मांगे जाते हैं । जब पूरा पूर्वांचल, बिहार और उत्तर प्रदेश के करीब आधे क्षेत्रों में बड़े नेता जाते हैं तो वे वहां भोजपुरी भाषा में भाषण देते हैं । आज विश्व के आठ देशों में भोजपुरी भाषा बोली जाती है । भोजपुरी भाषी फिल्मों के कलाकार सांसद हैं । भोजपुरी भाषी लोगों से वोट मांगे जाते हैं ।

महोदय, आज ही सदन में देश की 13 भाषाओं को सम्मान दिया गया । पूर्वांचल में घर-घर में बोली जाने वाली, वहां की मातृभाषा भोजपुरी भाषा को सरकार आठवीं अनुसूची में शामिल करे, नहीं तो पूरा भोजपुरी समाज इनका बहिष्कार करेगा ।